# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

**PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS**
**COMPILED BY MEDIA CELL (09.04.2025)**

HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE: 09.04.2025, PAGE-06

## सिंडिकेट चुनाव में चार का निर्विरोध चुना जाना तय

**मुजफ्फरपुर, प्रसं।** बीआरएबीयू में 12 अप्रैल को होनेवाले सिंडिकेट चुनाव को लेकर मंगलवार को उम्मीदवारों की स्क्रूटनी हुई। स्क्रूटनी को लेकर सभी प्रत्याशी निर्वाची अधिकारी रजिस्ट्रार प्रो. संजय कुमार के चैंबर में बैठे रहे। उम्मीदवारों के साथ उनके समर्थक भी विवि परिसर में थे। स्क्रूटनी में तीन उम्मीदवारों के पर्चे खारिज कर दिये गये।

बताया गया कि उनके आवेदन में त्रुटि है। जिनकी उम्मीदवारी खारिज की गई, उनमें एलएनटी कॉलेज के प्राचार्य प्रो. अभय कुमार सिंह, एनएन कॉलेज सिंघारा के प्राचार्य डॉ. धर्मेंद्र चौधरी और आरडीएस के प्रो. संजय सुमन शामिल हैं। प्रोफेसर श्रेणी में प्रमोद कुमार व प्रो. रमेश गुप्ता एकल उम्मीदवार बचे हैं। वहीं शिक्षकेत्तर श्रेणी में अधिवक्ता सच्चिदानंद सिन्हा और प्रो. शब्बीर अहमद एकल उम्मीदवार बचे हैं। यह सभी 12 अप्रैल को निर्विरोध जीत का प्रमाणपत्र लेंगे। सिंडिकेट चुनाव में सहायक प्राध्यापक श्रेणी में सत्येंद्र कुमार सिंह और राजीव कुमार के बीच लड़ाई होगी। एकेडमिक काउंसिल में भी तीन सदस्य निर्विरोध चुने जाएंगे।

**नामांकन रद्द होने पर जताया विरोध:** चुनाव में नामांकन रद्द होने पर उम्मीदवार डॉ. संजय कुमार सुमन ने कहा कि नामांकन प्रपत्र के प्रारूप में मेंशन शब्द है। इसका अर्थ होता है उल्लेख करना। उल्लेख करने के लिए कोई स्थान निश्चित नहीं है। टिक का अर्थ होता है सही का निशान लगाना। प्रारूप में टिक शब्द होना चाहिए था, न कि मेंशन। इसलिए जिस उम्मीदवार ने प्रारूप में टिक का निशान लगाया है और आगे कोटि का उल्लेख नहीं किया है, इस आधार पर सबका नामांकन रद्द होना चाहिए।



विश्वविद्यालय में सिंडिकेट चुनाव को लेकर मंगलवार को स्कूटनी करते रजिस्ट्रार।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE:09.04.2025, PAGE-06

## दाखिले को विवि ने तैयार की सीटों की संख्या, 2.81 लाख सीटों पर होगा दाखिला

# स्नातक: सरकारी से अधिक इसबार निजी कॉलेजों में सीटें

**बीआरएबीयू**

**मुजफ्फरपुर, प्रसं।** बीआरएबीयू में इसबार सरकारी से अधिक निजी कॉलेजों में दाखिला होगा। बीआरएबीयू ने स्नातक दाखिले को ले सीटों की रिपोर्ट तैयार कर ली है।

इसबार बीआरएबीयू में 2 लाख 81 हजार 341 सीटों के लिए पोर्टल खोला जायेगा। इन सीटों में नये संबद्धन वाले कॉलेजों को नहीं जोड़ा गया है। बीआरएबीयू में अभी 105 कॉलेजों के लिए स्नातक में आवेदन लिये जाएंगे। अप्रैल महीने में ही स्नातक में दाखिले के लिए पोर्टल खोला जाना है। डीएसडब्ल्यू प्रो. आलोक प्रताप सिंह का कहना है कि एडमिशन कमेटी की बैठक के बाद नामांकन की प्रक्रिया शुरू होगी।

**अंगीभूत कॉलेजों में 1 लाख 23 हजार सीट:** बीआरएबीयू के 42 अंगीभूत कॉलेजों में स्नातक की 1 लाख 23 हजार सीटें हैं। अनुदानित और संबद्ध कॉलेज मिलाकर 1 लाख 57 हजार सीटें हैं। हालांकि, पिछले दो साल से कॉलेज अपनी सीटों का ब्योरा नहीं देते थे। पहलीबार विवि ने सीटों का ब्योरा तैयार किया है। इसी के अनुसार विवि में दाखिले लिये जाएंगे। बीआरएबीयू में हर साल औसतन डेढ़ लाख दाखिले होते हैं।

पिछले दो सालों से अंगीभूत कॉलेजों में दाखिले निजी कॉलेजों से कम हो रहे हैं। सत्र 2023-27 में अंगीभूत कॉलेजों में 65 हजार 896 विद्यार्थियों ने दाखिले लिये तो संबद्ध कॉलेजों में 66081 दाखिले हुए। सत्र 2024-28 में अंगीभूत कॉलेजों में 75 हजार 938 विद्यार्थियों ने दाखिले लिये तो संबद्ध कॉलेजों में 84 हजार 215 छात्रों ने दाखिले लिये।

**एक ही जिले के कॉलेज में कर सकेंगे आवेदन:** इस वर्ष से स्नातक में नामांकन के आवेदन का फार्मेट बदलने जा रहा है। इसबार छात्र एक ही जिले के कॉलेजों में आवेदन कर सकेंगे। यानी मुजफ्फरपुर जिला चुनने वाले छात्रों को मुजफ्फरपुर जिले के ही कॉलेजों का विकल्प आवेदन करने के लिए मिलेगा।

### आवेदन के समय कॉलेज के आगे लिखी रहेगी श्रेणी

इसबार स्नातक में आवेदन करते समय कॉलेजों की श्रेणी लिखी रहेगी। विवि में पहलीबार ऐसा हो रहा है। यानी छात्र अगर एलएस कॉलेज में दाखिला लेंगे तो एलएस कॉलेज के आगे अंगीभूत कॉलेज और अन्य किसी कॉलेज में दाखिला लेंगे तो उसके आगे संबद्ध या अनुदानित कॉलेज लिखा रहेगा। इससे छात्रों को पता चलेगा कि वह जिस कॉलेज में दाखिले के लिए आवेदन कर रहे हैं, वह सरकारी है या निजी।

### पीजी परीक्षा के शेड्यूल में 31 अप्रैल, वायरल होने पर सुधार

मुजफ्फरपुर। बीआरएबीयू में मंगलवार को पीजी थर्ड सेमेस्टर सत्र 2023-25 की परीक्षा का शेड्यूल जारी किया गया। शेड्यूल में सीसी 12 की परीक्षा की तारीख 31 अप्रैल अंकित थी। विवि से जारी होने के बाद यह सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वायरल होने के कुछ देर बाद विवि प्रशासन ने संज्ञान लेते हुए इसमें सुधार किया और सीसी 12 की परीक्षा 2 मई को कर दी। पीजी थर्ड सेमेस्टर की परीक्षा के लिए आठ ग्रुप बनाये गये हैं। परीक्षा 21 अप्रैल से 22 मई तक होगी। परीक्षा में लगभग 10 हजार विद्यार्थी शामिल हो रहे हैं। परीक्षा दो पालियों में होगी। पहली पाली सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक होगी। पहली पाली में ग्रुप ए, सी, ई और जी के विषयों की परीक्षा होगी। दूसरी पाली में ग्रुप बी, डी, एफ और एच के विषयों की परीक्षा होगी। प्रैक्टिकल परीक्षा 15 अप्रैल से 19 अप्रैल तक होगी। ग्रुप ए में हिस्ट्री, एआईएच, संस्कृत और भोजपुरी विषय हैं। ग्रुप बी में कॉमर्स, संगीत और मैथिली विषय हैं। ग्रुप सी में भूगोल, अंग्रेजी और इलेक्ट्रॉनिक्स विषय हैं।

DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE:09.04.2025, PAGE-06

# 21 से होगी पीजी थर्ड सेमेस्टर की परीक्षा

**जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर:** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में पीजी थर्ड सेमेस्टर की परीक्षा 21 अप्रैल से शुरू होगी। मंगलवार को विश्वविद्यालय ने परीक्षा का कार्यक्रम जारी कर दिया है। विभिन्न विषयों को आठ ग्रुप में बांटा गया है। पहली पाली में ग्रुप ए, सी, ई व जी की परीक्षा होगी। वहीं दूसरी पाली में ग्रुप बी, डी, एफ व एच की परीक्षा होगी। परीक्षा नियंत्रक डा. सुबालाल पासवान ने बताया प्रैक्टिकल व



वायवा का आयोजन संबंधित विषयों के विश्वविद्यालय पीजी विभाग में होगा। परीक्षा 21 अप्रैल से 25 मई तक चलेगी। ग्रुप ए में इतिहास, एआइएच एंड सी, संस्कृत, भोजपुरी, ग्रुप बी में कामर्स, संगीत, मैथिली, ग्रुप सी में भूगोल, अंग्रेजी, इलेक्ट्रानिक्स, ग्रुप डी में होम साइंस, हिंदी, बंगाली, ग्रुप ई में मनोविज्ञान, बाटनी, दर्शनशास्त्र, ग्रुप एफ में राजनीति विज्ञान, रसायनशास्त्र और पर्शियन, ग्रुप जी में अर्थशास्त्र, फिजिक्स तथा उर्दू, ग्रुप एच में जूलाजी, समाजशास्त्र व गणित को रखा गया है। सभी ग्रुप के लिए सीसी-10, सीसी-11, सीसी-12, सीसी-13, सीसी-14 व एइसीसी-2 की परीक्षा होनी है।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR
DATE:09.04.2025
PAGE-06

## 20 तारीख तक देना होगा अब्सेंटी और वेतन बिल

**मुजफ्फरपुर :** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के सभी पीजी विभागाध्यक्षों और प्राचार्यों को हर महीने की 20 तारीख को वेतन बिल और अनुपस्थिति रिपोर्ट जमा करनी होगा। इसको लेकर विश्वविद्यालय की ओर से अनुरोध किया गया है। (जासं)

## 19 तक जमा होगा रजिस्ट्रेशन शुल्क

**मुजफ्फरपुर :** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय ने एलएलबी और प्री ला के छात्र-छात्राओं का रजिस्ट्रेशन शुल्क जमा करने की अवधि निर्धारित की गई है। कालेज 19 अप्रैल तक आरटीजीएस या नेफ्ट के माध्यम से विश्वविद्यालय के खाते में राशि उपलब्ध करा सकेंगे। इसके लिए प्रति छात्र पंजीयन शुल्क 200 और प्रव्रजन शुल्क 150 रुपये जमा कराना होगा। (जासं)

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE: 09.04.2025, PAGE-06

# स्क्रूटनी के बाद सात उम्मीदवारों के नामांकन वैध

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर : बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में स्क्रूटनी की प्रक्रिया के बाद सिंडिकेट के आठ सदस्यों के चुनाव के लिए सात उम्मीदवारों का नामांकन वैध पाया गया है। विश्वविद्यालय की ओर से टीचिंग और नन टीचिंग कैटेगरी में उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी गई है। नन टीचिंग कैटेगरी में प्रो. शब्बीर अहमद पप्पू और सच्चिदानंद सिंह का नामांकन वैध वैध पाया गया है। वहीं इस कैटेगरी में दो का फार्म रिजेक्ट हुआ। इसी तरह टीचिंग कैटेगरी में ओबीसी कैटेगरी में डा. रमेश प्रसाद गुप्ता और डा. संजय सुमन ने नामांकन किया था। फार्म में त्रुटि के आधार पर डा. संजय सुमन का आवेदन रद किया गया है।

### स्क्रूटनी के बाद सिंडिकेट सदस्य के चुनाव के लिए वैध उम्मीदवार

| | | | |
|---|---|---|---|
| टीचिंग कैटेगरी | प्रोफेसर एंड रीडर | डा. सत्येंद्र कुमार सिंह | सामान्य |
| डा. रमेश प्रसाद गुप्ता | ओबीसी | राजीव कुमार | सामान्य |
| डा. प्रमोद कुमार | सामान्य | नन टीचिंग कैटेगरी | |
| लेक्चरर | | प्रो. शब्बीर अहमद | सामान्य |
| डा. राकेश रंजन | एससी | सच्चिदानंद सिंह | सामान्य |

वहीं सामान्य कैटेगरी में प्रो. प्रमोद कुमार और डा. अभय कुमार सिंह ने नामिनेशन किया थ। इसमें प्रो. प्रमोद कुमार का नामांकन वैध पाया गया है। एससी कैटेगरी में एकमात्र उम्मीदवार डा. राकेश रंजन थे। वहीं सामान्य कैटेगरी में सत्येंद्र कुमार सिंह, राजीव कुमार और डा. धर्मेंद्र चौधरी थे। फार्म में त्रुटि के कारण डा. धर्मेंद्र चौधरी का नामांकन रिजेक्ट किया गया है। नाम वापसी की तिथि 11 अप्रैल निर्धारित की गई है। 12 अप्रैल को होने वाली सीनेट की बैठक में सिंडिकेट और एकेडमिक काउंसिल के सदस्यों के लिए चुनाव होगा। माना जा रहा है कि सिंडिकेट सदस्य के लिए सामान्य कोटि में एक पद पर दो उम्मीदवारों में वोटिंग होगी। पांच पदों पर उम्मीदवारों का निर्विरोध चुना जाना तय है।

**फार्म के फार्मेट पर सीनेटर ने उठाए सवाल :** सीनेटर डा. संजय कुमार सुमन ने नामिनेशन फार्म के फार्मेट पर सवाल उठाए हैं। कहा कि फार्मेट में मेंशन शब्द है जिसका अर्थ होता है उल्लेख करना। इसके लिए कोई स्थान निश्चित नहीं है। टिक का अर्थ होता है सही का निशान लगाना। फार्मेट में टिक शब्द होना चाहिए था न कि मेंशन। जिसने फार्मेट में टिक का निशान लगाया है और आगे कैटेगरी का उल्लेख नहीं किया है। इस आधार पर फार्मेट में जिसने कैटेगरी मेंशन न करके टिक किया है उनका भी नामिनेशन रद होना चाहिए।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE:09.04.2025, PAGE-06

# संबंधन में होने वाले निरीक्षण का शुल्क 10 गुना बढ़ा

## प्रति विषय पहले लगते थे 500 अब लगेंगे पांच हजार, आट्र्स में संबंधन के लिए जमा करना होगा पांच लाख

- साइंस और वाणिज्य संकाय के लिए सुरक्षित राशि तीन लाख निर्धारित, सिंडिकेट ने लगाई मुहर
- न्यू टीचिंग एंड एफिलिएशन कमेटी की ओर से तैयार किए प्रस्ताव को सिंडिकेट ने किया अनुमोदित

**जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर:** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में अब कालेजों को संबंधन प्रदान करने के लिए होने वाले निरीक्षण के लिए शुल्क में बढ़ोतरी की गई है। यह शुल्क अब 10 गुणा अधिक देना होगा। पहले प्रति विषय कालेजों को 500 रुपये देना पड़ता था। अब प्रति विषय महाविद्यालयों को पांच हजार की राशि जमा करना होगा। इसके साथ ही संबंधन के लिए सुरक्षित राशि जमा करने की सीमा में भी बढ़ोतरी हुई है। अब आट्र्स संकाय में संबंधन के लिए सुरक्षित राशि के रूप में पांच लाख जमा करना होगा। वहीं, विज्ञान संकाय के लिए तीन लाख और वाणिज्य संकाय के लिए भी तीन लाख की राशि का प्रावधान किया गया है। न्यू टीचिंग एंड एफिलिएशन कमेटी की ओर से तैयार किए गए प्रस्ताव को सिंडिकेट की ओर से अनुमोदित कर दिया गया है। अब इसे मंजूरी के लिए 12 अप्रैल को होने वाली सीनेट की बैठक में प्रस्तुत किया जाएगा। पहले 1.5 लाख रुपये साइंस के लिए, 1.5 लाख रुपये कामर्स में और 2.5 लाख रुपये आट्र्स के लिए निर्धारित था। तीनों संकायों को मिलाकर सुरक्षित राशि 5.50 लाख रुपये जमा करना होता था। अब इसमें दोगुना बढ़ोतरी की गई है।

**रिवाइज्ड फीस स्ट्रक्चर को सीनेट में करेंगे प्रस्तुत :** इंस्पेक्टर आफ कालेजेज आट्र्स डा. राजीव कुमार ने बताया कि रिवाइज्ड फीस स्ट्रक्चर को सीनेट में प्रस्तुत किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि 12 अप्रैल को बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में केंद्रीय पुस्तकालय में सीनेट की बैठक होगी। इसमें वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए विश्वविद्यालय के 1050.02 करोड़ के बजट को मंजूरी मिलेगी। वहीं कई नए कोर्स के संचालन से लेकर आर्डिनेंस-रेगुलेशन को भी मंजूरी प्रदान किया जाएगा। पिछले दिनों इंप्लीमेंटेशन एंड मानिटरिंग कमेटी में हुए फैसले के आधार पर कई कालेजों में शार्ट टर्म और वोकेशनल कोर्स के संचालन की अनुमति मिलेगी। दूसरी ओर सर्टिफिकेट कोर्स इन मशरूम कल्टीवेशन एंड स्पान प्रोडक्शन, शार्ट टर्म स्किल एन्हांसमेंट कोर्स इन कंप्यूटर एंड इंफार्मेशन एंड कम्यूनिकेशन टेक्नोलाजी के आर्डिनेंस-रेगुलेशन से लेकर पाठ्यक्रम को स्वीकृत किया जाएगा। 10 कालेजों में संचालित होने वाले नए वोकेशनल कोर्स के पाठ्यक्रम संचालन पर भी विचार किया जाएगा।



### लंबे समय से इंस्पेक्शन शुल्क में नहीं हुई है बढ़ोतरी

बताया जा रहा है कि लंबे समय से इंस्पेक्शन शुल्क में बढ़ोतरी नहीं हुई है। वर्षों से पुराना फीस स्ट्रक्चर ही चला आ रहा था। ऐसे में पुराने फीस संरचना को संशोधित किया गया है। विश्वविद्यालय की मानें तो निरीक्षण में काफी खर्च होता है। विश्वविद्यालय की ओर से निरीक्षण के लिए कई टीम का गठन किया जाता है।

# पोर्टल से पढ़ाई के लिए विश्वविद्यालय में बनेंगे नोडल

- स्नातक से लेकर पीजी तक पढ़ाई निःशुल्क कर सकेंगे विद्यार्थी
- राजभवन ने कोर्सों की सूची कराई उपलब्ध

**जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर:** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में अब विद्यार्थियों को स्वयं पोर्टल से पढ़ाई कर सकेंगे। स्नातक से लेकर पीजी में नामांकित छात्र विभिन्न कोर्स की पढ़ाई कर क्रेडिट अर्जित करेंगे। स्वयं पोर्टल से पढ़ाई के लिए विश्वविद्यालय की ओर से नोडल अधिकारी नियुक्ति किए जाएंगे। इसकी प्रक्रिया विश्वविद्यालय स्तर से शुरू कर दी गई है। राजभवन के निर्देश पर स्वयं पोर्टल के लिए नोडल अधिकारी की नियुक्ति की जाएगी।

राजभवन की ओर से विश्वविद्यालय को स्वयं पोर्टल से संचालित होने वाले कोर्स की पूरी सूची उपलब्ध कराई गई है। इस सूची में सैकड़ों कोर्स हैं। आनलाइन प्लेटफार्म पर उच्च शिक्षा में नामांकित छात्र-छात्राएं रजिस्ट्रेशन करने के बाद पढ़ाई कर सकेंगे। राजभवन की ओर से उपलब्ध कराए गए सूची में से विश्वविद्यालय स्तर से कोर्स का चयन किया जाएगा। इसी कोर्स की पढ़ाई स्नातक से लेकर पीजी के छात्र कर सकेंगे। 2025 के लिए पढ़ाए जाने वाले अलग-अलग संकायों में सैकड़ों कोर्स की सूची विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराया गया है। इसी में कोर्स का चयन किया जाना है। स्वयं पोर्टल की शुरुआत शिक्षा मंत्रालय की ओर से की गई है। यह एक आनलाइन ई-लर्निंग प्लेटफार्म है जो स्कूल, व्यावसायिक, स्नातक, स्नातकोत्तर, इंजीनियरिंग और अन्य व्यावसायिक पाठ्यक्रमों को कवर करता है। यह प्लेटफार्म सभी आयु और पृष्ठभूमि के शिक्षार्थियों के लिए खुला है जिसमें कोई विशिष्ट पात्रता मानदंड नहीं है। स्वयं पर उपलब्ध अधिकांश पाठ्यक्रम निःशुल्क है।

**रोजगार और पढ़ाई के हिसाब से किया गया है डिजाइन :** स्वयं प्लस को इंडस्ट्री, रोजगार और पढ़ाई के हिसाब से डिजाइन किया गया है और इसमें इंडस्ट्री विशेषज्ञों के सहयोग से रोजगार और प्रोफेशनल डेवलपमेंट-केंद्रित पाठ्यक्रमों की पेशकश की जाती है। यूजीसी ने क्रेडिट फ्रेमवर्क लागू किया है जिसके तहत कालेज के छात्र स्वयं और स्वयं प्लस पोर्टल के जरिए किए जाने वाले कोर्सेज से अधिकतम 40 प्रतिशत तक क्रेडिट हासिल कर सकते हैं। स्वयं प्लेटफार्म पर कई भाषाओं में पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं। डीएसडब्ल्यू डा. आलोक प्रताप सिंह ने कहा कि स्वयं प्लेटफार्म पर उपलब्ध कोर्स की सूची राजभवन की ओर से उपलब्ध कराई गई है। इसके अनुसार विश्वविद्यालय स्तर पर नोडल नियुक्त किए जाएंगे।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

## BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR

## PIN-842001 (BIHAR)

**Website:-www.brabu.net**

Ref:.................... Date:..........................

PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE: 09.04.2025, PAGE-04

## बीआरएबीयू में स्टूडेंट्स स्वयं पोर्टल से अब कर सकेंगे पढ़ाई

- बीआरएबीयू को स्वयं पोर्टल से संचालित होनेवाले कोर्स की सूची दी

**वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर**



बीआरएबीयू में अब स्टूडेंट्स स्वयं पोर्टल से पढ़ाई कर सकेंगे. राजभवन की ओर से विवि को स्वयं पोर्टल से संचालित होने वाले कोर्स की पूरी सूची उपलब्ध करायी गयी है. स्नातक से लेकर पीजी में नामांकित छात्र विभिन्न कोर्स की पढ़ाई कर क्रेडिट अर्जित करेंगे. इस सूची में सैकड़ों कोर्स हैं. ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर उच्च शिक्षा में नामांकित छात्र-छात्राएं रजिस्ट्रेशन करने के बाद पढ़ाई कर सकेंगे. राजभवन से उपलब्ध करायी सूची में से विवि स्तर से कोर्स का चयन किया जायेगा. इसी कोर्स की पढ़ाई स्नातक से लेकर पीजी तक के विद्यार्थी कर सकेंगे. वर्ष 2025 के लिए पढ़ाये जाने वाले अलग-अलग संकायों में सैकड़ों कोर्स की सूची विवि को उपलब्ध करायी गयी है. इसी में कोर्स का चयन किया जाना है.

### जल्द ही नोडल अधिकारी की होगी नियुक्ति

स्वयं पोर्टल से पढ़ाई के लिए विवि की ओर से नोडल अधिकारी नियुक्ति किये जायेंगे. इसकी प्रक्रिया विवि स्तर से शुरू कर दी गयी है. राजभवन के निर्देश पर स्वयं पोर्टल के लिए नोडल अधिकारी की नियुक्ति की जायेगी. बता दें कि स्वयं पोर्टल की शुरुआत शिक्षा मंत्रालय ने की है.

यह एक ऑनलाइन इ-लर्निंग प्लेटफॉर्म है जो स्कूल, व्यावसायिक, स्नातक, स्नातकोत्तर, इंजीनियरिंग व अन्य व्यावसायिक कोर्स को कवर करता है. यह प्लेटफॉर्म सभी आयु व पृष्ठभूमि के शिक्षार्थियों के लिए खुला है. इसमें कोई विशिष्ट पात्रता मानदंड नहीं है. स्वयं पर उपलब्ध अधिकांश कोर्स निःशुल्क हैं.

### विवि : अलग-अलग विषयों को आठ ग्रुपों में बांटा

## कर लें तैयारी, पीजी थर्ड सेमेस्टर की परीक्षा 21 से



### नये और पुराने हॉल में करायी जायेगी परीक्षा

**वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर**

पीजी थर्ड सेमेस्टर की परीक्षा 21 अप्रैल से शुरू होगी. बीआरएबीयू ने परीक्षा का कार्यक्रम जारी कर दिया है. परीक्षा के लिए नये व पुराने परीक्षा हॉल में केंद्र घोषित किया गया है. अलग-अलग विषयों को आठ ग्रुपों में बांटा गया है. सभी जिलों से छात्र-छात्राएं यहीं परीक्षा देंगे. परीक्षा 21 अप्रैल से 25 मई तक चलेगी. ग्रुप ए में इतिहास, एआइएच एंड सी, संस्कृत, भोजपुरी, ग्रुप बी में कॉमर्स, संगीत, मैथिली, ग्रुप सी में भूगोल, अंग्रेजी, इलेक्ट्रानिक्स, ग्रुप डी में होम साइंस, हिंदी, बंगाली, ग्रुप इ में मनोविज्ञान, बॉटनी, दर्शनशास्त्र, ग्रुप एफ में राजनीति विज्ञान, रसायनशास्त्र व पर्शियन, ग्रुप जी में अर्थशास्त्र, फिजिक्स और उर्दू, ग्रुप एच में जूलॉजी, समाजशास्त्र व गणित को रखा गया है. सभी ग्रुप के लिए सीसी-10, सीसी-11, सीसी-12, सीसी-13, सीसी-14 व एइसीसी- 2 की परीक्षा होनी है. पहली पाली नौ से 12 बजे व दूसरी पाली दोपहर दो बजे से पांच बजे तक होगी. पहली पाली में ग्रुप ए, सी, इ व जी की परीक्षा होगी. दूसरी पाली में ग्रुप बी, डी, एफ व एच की परीक्षा होगी. सत्र 2023-25 के थर्ड सेमेस्टर की परीक्षा के लिए कार्यक्रम जारी करते हुए सभी पीजी विभागों व संबंधित कॉलेजों को इसकी सूचना दी गयी है. परीक्षा नियंत्रक डॉ सुबालाल पासवान ने बताया कि प्रैक्टिकल व वायवा का आयोजन संबंधित विषयों के पीजी विभाग में होगा.

### एलएलबी और प्री-लॉ के लिए 19 तक रजिस्ट्रेशन

- परीक्षा नियंत्रक ने पंजीयन को लेकर जारी किये निर्देश

**मुजफ्फरपुर.** एलएलबी व प्री- लॉ के छात्र-छात्राओं का रजिस्ट्रेशन शुल्क 19 अप्रैल तक जमा होगा. बीआरएबीयू की ओर से शुल्क को लेकर तिथि तय कर दी गयी है. कॉलेज 19 अप्रैल तक आरटीजीएस या नेफ्ट से विवि के खाते में राशि उपलब्ध करा सकेंगे. परीक्षा नियंत्रक डॉ सुबालाल पासवान ने बताया कि पंजीयन शुल्क जमा करने का निर्देश जारी कर दिया गया है. सत्र 2024-25 में लॉ व प्री लॉ कोर्स मे नामांकन कराने वाले छात्र-छात्राओं के लिए यह शुल्क जमा करना है. इसके लिए प्रति छात्र पंजीयन शुल्क 200 रुपये व प्रवजन शुल्क 150 रुपये जमा कराना होगा. इसको लेकर परीक्षा नियंत्रक ने सभी लॉ कॉलेज के प्राचार्यों को निर्देश दिये हैं. 21 अप्रैल तक यूएमआइएस कार्यालय में फीस जमा होने की सत्यापित कॉपी के साथ छात्रों की सूची एक्सेल में पेन ड्राइव में देनी है.

PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR
DATE: 09.04.2025, PAGE-04

# सात उम्मीदवारों का स्क्रूटनी के बाद नामांकन पाया वैध

**सिंडिकेट का चुनाव**

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरएबीयू में स्क्रूटनी की प्रक्रिया हुई. जिसमें सिंडिकेट के आठ सदस्यों के चुनाव के लिए सात उम्मीदवारों का नामांकन वैध पाया गया है. विश्वविद्यालय की ओर से टीचिंग और नन टीचिंग कैटेगरी में उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी गई है.

नन टीचिंग कैटेगरी में में दो का फार्म रिजेक्ट हुआ. इसी तरह टीचिंग कैटेगरी में ओबीसी कैटेगरी में डॉ. रमेश प्रसाद गुप्ता और डॉ. संजय सुमन ने नामांकन किया था. फॉर्म में त्रुटि के आधार पर डॉ. संजय सुमन का आवेदन रद्द किया गया है. वहीं सामान्य कैटेगरी में प्रो. प्रमोद कुमार और डॉ. अभय कुमार सिंह ने नॉमिनेशन किया था.

इसमें प्रो प्रमोद कुमार का नामांकन वैध पाया गया है. नाम वापसी की तिथि 11 अप्रैल निर्धारित की गयी है. 12 अप्रैल को होने वाली सीनेट की बैठक में सिंडिकेट और एकेडमिक काउंसिल के सदस्यों के लिए चुनाव होगा. माना जा रहा है कि पांच पदों पर उम्मीदवारों का निर्विरोध चुना जाना लगभग तय है. दूसरी ओर सीनेटर डॉ. संजय कुमार सुमन ने नामिनेशन फार्म के फॉर्मेट पर सवाल उठाए हैं. कहा कि फार्मेट में मेंशन शब्द है जिसका अर्थ होता है उल्लेख करना. इसके लिए कोई स्थान निश्चित नहीं है.

टिक का अर्थ होता है, सही का निशान लगाना. फार्मेट में टिक शब्द होना चाहिए था न कि मेंशन. जिसने फार्मेट में टिक का निशान लगाया है, और आगे कैटेगरी का उल्लेख नहीं किया है. इस आधार पर फार्मेट में जिसने कैटेगरी मेंशन न करके टिक किया है, उनका भी नामिनेशन रद्द होना चाहिए.

## सदस्य के चुनाव के लिए ये पाये गये वैध प्रत्याशी

**टीचिंग कैटेगरी (प्रोफेसर व रीडर)**

- प्रो प्रमोद कुमार – सामान्य
- डॉ. रमेश प्रसाद गुप्ता – ओबीसी

**लेक्चरर**

- डॉ राकेश रंजन – एससी
- डॉ सत्येंद्र कुमार सिंह – सामान्य
- राजीव कुमार – सामान्य

**नन टीचिंग कैटेगरी**

- प्रो शब्बीर अहमद – सामान्य
- सच्चिदानंद सिंह – सामान्य